# विश्वविधालय स्तर पर अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक साथ योग

**(21 June, 2025)**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ में आज सामुहिक योग एवम सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षिका डॉ0 सीमा ठाकुर, डॉ0 वामाक्षी वर्मा एवम श्री पुष्पेंद्र  कुमार त्यागी द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योग मुद्राओ का सजीव प्रदर्शन किया एवम सभी साधको को योग की विभिन्न मुद्राओं से होने वाले लाभ के विषय मे विस्तारपूर्वक जानकारियां भी दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संबोधन का सीधा प्रसारण भी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ  0 के0 के0 सिंह ने इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योग का आयेजन करना  केवल एक कार्यक्रम मात्र  नही होना चहिये अपितु योग को हमें दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए ताकि हम अपने तन और मन को स्वस्थ रख सके। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ 0 डी0 के0 सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रो में नई ऊर्जा का संचार होता है। कुलसचिव डॉ  0 रामजी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की इस विरासत की आगे बढ़ाने में हमे सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0  विपिन कुमार ने किया। आज के इस कार्यक्रम में हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त विश्विद्यालय के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों पर भी किसानों के साथ सामुहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये गए जिसमे लगभग पांच हजार लोगों ने एक साथ योग किया जिससे अधिकतम लोग इससे लाभान्वित हो सके। कार्यक्रम में विश्विद्यालय के समस्त अधिष्ठातागन    , विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवम भारी संख्या में छात्र एवम छात्राएं उपस्थित रहे।




रजत जयन्ती वर्ष – 2025
“Yoga for One Earth, One Health”
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(सामूहिक योगा एवं सूर्य नमस्कार)
विश्वविद्यालय का मुख्य खेल कूद मैदान
दिनांक : 21 जून 2025








ALASKA
EST 1955




रजत जयन्ती वर्ष – 2025
"Yoga for One Earth, One Health"
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(सामूहिक योगा एवं सूर्य नमस्कार)
NATIONAL SERVICE SCHEME
College of Horticulture
Sardar Vallabhbhai Patel University Of
Agriculture And Technology Meerut
WELCOMES YOU....
Our motto "NOT ME BUT YOU"


रजत जयन्ती वर्ष – 2025
"Yoga for One Earth, One Health"
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम
(सामूहिक योगा एवं सूर्य नमस्कार)
राष्ट्रीय कैडेट कोर
NATIONAL CADET CORPS
70 यू.पी. बटालियन
70 U.P. BATTALION
सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ



